इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, बुधवार, 20 मार्च 2024
वर्ष 16 अंक 194 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

किसी को माफ़ करना कमजोरी नहीं वरन सामर्थ्यवान ही ऐसा कर सकता है।
-महात्मा गाँधी

तापमान - अधिकतम 31.4°C (-0.2) न्यूनतम 14.4°C(-1.8) सेंसेक्स 72,012.05 (-736.38) निफ्टी 21,817.45 (-238.25) सोना 66,480 चांदी 77,300 मुद्रा - डालर 83.03 दिरहम 22.60 रियाल 22.14

एरा यूनिवर्सिटी ड्रग एलर्जी : ए ग्रेट मास्करेडर विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

लखनऊ (सं)। स्टेट चौप्टर यूपी सेल, नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज भारत की ओर से एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, एरा यूनिवर्सिटी में ड्रग एलर्जी: ए ग्रेट मास्करेडर विषय पर एक अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) अब्बास अली महदी थे। इस मौके पर अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदांतन एमडी क्लिनिकल प्रोफेसर ऑफ मेडिसिन, यूनिवर्सिटी ऑफ कोलाराडो डेनवर कोलाराडो यूएसए ने विषय पर व्याख्यान दिया। प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद संयोजक स्टेट चैप्टर (यूपी), नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज और निदेशक चिकित्सा शिक्षा और प्रोफेसर श्वसन चिकित्सा विभाग ईएलएमसीएच ने समारोह की अध्यक्षता की। डॉ. विजय कुमार एफएएमएस राज्य नोडल अधिकारी व सदस्य सचिव राज्य चौप्टर यूपी सेल नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज ने भारत में आनलाइन जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. (प्रो.) के.बी. गुप्ता, विभागाध्यक्ष रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग ईएलएमसीएच ने डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदांतन का स्वागत करते हुए उनका परिचय दिया।

इस अवसर पर प्रो. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह राज्य में एरा यूनिवर्सिटी में स्थापित होने वाला दूसरा राज्य चैप्टर है। उन्होंने बताया कि इस सेल का कार्य नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल की सभी गतिविधियों को बेहतर बनाना होगा। प्रदेश में विज्ञान जिसमें स्वास्थ्य पेशेवरों के ज्ञान, कौशल, प्रथाओं को अद्यतन करने का अवसर प्रदान करना, पेशेवर निकायों, संगठनों राज्य स्वास्थ्य, एनजीओ, हितधारक के साथ प्रभावी शैक्षणिक नेटवर्किंग करना, महत्वपूर्ण स्थानीय स्वास्थ्य की पहचान कर राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों की सहायता करना एवं नीतिगत मुद्दे और राज्य में नीति निर्माताओं के लिए अवधारणा, श्वेत पत्र, नीति पत्र विकसित करना शामिल है। डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदांतन ने इस अवसर के लिए एरा यूनिवर्सिटी और प्रोफेसर (डॉ.) ए.ए. मेहदी को धन्यवाद दिया और ड्रग एलर्जी और चिकित्सा के क्षेत्र में इसके महत्व पर अपने विचार साझा किए। पल्मोनरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रचित शर्मा ने डॉ. (प्रो.) पी.के. वेदांतन को इस विषय पर अपने विचार देने और इस अतिथि व्याख्यान के लिए अपना कीमती समय निकालने के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. आनंद वर्मा एसएमओ रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग, ईएलएमसीएच द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में एरा यूनिवर्सिटी की प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) फरज़ाना मेहदी, सीएमएस और प्रिंसिपल ईएलएमसीएच डॉ. (प्रो.) जमाल मसूद, डीन एमेरिटस डॉ. एम.एम.ए. फरीदी समेत कई चिकित्सक व छात्र मौजूद थे।